# सुजाग्रति समाज सेवी संस्था मुरैना म0 प्र0

एल.आई.जी. 914, न्यू हॉउसिंग बोर्ड कॉलोनी, मुरैना (मध्यप्रदेश) पिन–476001
Email- sujagriti99@gmail.com Website- www.sujagriti.org
Mobile No. 09826318465 / 09977843980

## वार्षिक रिपोर्ट 2018–2019

## सुजाग्रति समाज सेवी संस्था मुरैना म0 प्र0

सुजाग्रति समाज सेवी संस्था एक गैर लाभकारी संस्था है, संस्था 19 वर्ष से सफलतापूर्वक कार्य कर रही है। जव हम जिला और देश प्रदेश के पैमाने पर अपनी स्थिति का आकलन करते है तो हमारे ये काम अत्यन्त उपयोगी व प्रांसगिक नजर आते है। इससे यह प्रश्न उठता है कि जव हम और अधिक ठोस तरीके से इसे समझते हैं और इसकी व्याख्या करते हैं तथा इसकी उपलब्धियों पर आनंदित होते हैं, एसी स्थिति में हम सुजाग्रति के लक्ष्य और दृष्टि के संदर्भ में किस प्रकार इसके प्रभावों को माप सकते हैं। कहा जाय तो रोज बदलती इस बंधनमुक्त दुनिया के परिपेक्ष्य में हमारे ये काम जरूर अंतर पैदा करते है। इस बर्ष हमारे द्वारा गुग्गुल का संरक्षण एंव संबर्धन तथा बढ़ता हुआ बीहड़ और घटती हुई उपजाऊ भूमी को बचाने हेतु कार्य किया है।

## सुजाग्रति संस्था को मिला राज्य स्तरीय जैवविविधता पुरस्कार 2018

मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा प्रदेश में जैवविविधता संरक्षण को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से ''स्तरीय जैवविविधता पुरस्कार 22.05.2018'' में सुजाग्रति समाज सेवी संस्था मुरैना को जैवविविधता संरक्षण एंव संकटग्रस्त प्रजाती गुग्गुल के संरक्षण एवं संबर्धन के लिए प्रदेश स्तर पर चयन किया गया जिसमें द्वितिय पुरस्कार सुजाग्रति संस्था को श्री के.के.सिंह अपर मुख्य सचिव मध्य प्रदेश शासन, वन विभाग एवं प्रधान वनसंरक्षक महोदय और श्री आर. श्रीनिवास मूर्ति सदस्य सचिव जैवविविधता बोर्ड भोपाल द्वारा अतंर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कार के रूप में संस्था को एक प्रशस्ती पत्र, ट्राफी एवं 2 लाख रूपये का चेक प्रदान किया गया। कार्यक्रम स्थल– पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन (एप्को पर्यावरण परिसर ई–5 अरेरा कॉलोनी, भोपाल) के सभागार में हुआ।



सुजाग्रति संस्था अध्यक्ष पुरस्कार लेते हुए।



प्रदेश के विभिन्न अंचलों से पधारे प्रतिभागी।

**1– गुग्गुल नर्सरी–** 5000 गुग्गुल पौधों की नर्सरी इस बर्ष लगाई गयी ग्राम जावरौल में। जैवविविधता प्रंबधन समिति के माध्यम से इसका प्लान्टेशन इस बर्ष किया जायेगा। कुछ पौधे जवलपुर विक्रय किये गये।

 

**2–** महिला के आजीविका हेतु एस0एच0जी0 के सहयोग से गुग्गुल धूपबत्ती एवं अगरबत्ती बनवाई गई। इस बर्ष दो नये गांव जावरौल एवं पिपरईपुरा में भी यहाँ की महिलाओं के माध्यम से बनवाना शुरू किया। जिससे महिलाओं की आय वृद्वी हो सके।

 

**3–** किये गये कार्यों की मॉनीटिरिंग और इवेल्यूऐशन– औषधीय उद्यानों तथा, गुग्गुल प्लान्टेशन की मॉनीटिरिंग एवं इवेल्यूऐशन किया गया जिसमें एन.एम.पी.बी. से डा0 एस0के0 गुप्ता तथा वनविभाग से श्री कुलश्रेष्ठ रैंजर द्वारा की गई तथा आगामी जुलाई माह में गुग्गुल प्लान्टेशन हेतु जगह चिन्हित की गई व हितग्राही किसानों के साथ प्लानिंग की गई।

 

**4– पारम्परिक व तकनीकि ज्ञान के प्रशासण हेतु–** गुग्गुल पर डोक्यूमेंटरी फिल्म वनाने की स्क्रिप्ट लिखी गई तथा उसे रचनात्मक रूप देने के लिए प्लानिंग की गई। इस हेतु पैसे के लिए बात की गई। डा0 पी.सी. दुवे सहाव पी.सी.सी.एफ. अनुसंधान भोपाल से तथा गुग्गुल पौधे जो प्राकृतिक रूप से लगे हैं इनकी सर्वे हेतु प्रोजेक्ट बनाया तथा दुवे साहब को दिया।

**5–** गुग्गुल के पौधे के संरक्षण एवं संबर्धन हेतु गुग्गुल के पौधों के विनाशहीन विदोहन हेतु यह गुग्गुल अंचल से गुग्गुल की समाप्ती का कारण गोंद के लालच में तथा ज्ञानाभाव में लोग गलत तरीके से चीरा लगाते हैं जिससे गोंद तो अधिक निकलता है किन्तु पेड़ मर जाता है इसे बचाने के लिए मुरैना जिले के 70 हितग्राही किसानों एस.एफ.आर.आई. जवलपुर के सहयोग से प्रशिक्षण दिया गया तथा गुग्गुल यंत्र भी बांटे गये। प्रशिक्षण डा0 मौनी थॉमस द्वारा दिया गया प्रेक्टिकली प्रशिक्षण जाकिर हुसैन द्वारा दिया गया। यह प्रशिक्षण श्रेत्रीय सह सुविधा केन्द्र जबलपुर के सहयोग से किया गया।






## संस्था क्षेत्र में शैक्षणिक विजिट

**1–** एस.डी.ओ. श्री जैन साहब एंव श्री अनीश श्रेत्रीय सह सुविधा केन्द्र जबलपुर (राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड, आयुष मंत्रालयः भारत सरकार) दिनांक 20.04.2018 गुग्गुल के संरक्षण एवं संबर्धन हेतु।

**2–** डा0 जे.एल.एन. शास्त्री जी, श्री किमोठी जी डावर इंण्डिया कम्पनी गाजीयाबाद एंव श्री जितेन्द्र जी एन. एम.पी.बी. दिल्ली। दिनांक 10.04.2018 राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड दिल्ली में लगाये गये प्रोजेक्ट के विषलेशण हेतु।




**3–** डा0 मौनी थॉमस साहब एवं श्री नीरज माह मई 2018 गुग्गुल के विनाशहीन विदोहन तथा गुग्गुल नर्सरियां कैसे बनें व बीहड़ में गुग्गुल के भविष्य की तलाश हेतु।





**4–** श्री अनिल अरोरा साहब दिनांक 27.06.2018 को सौर ऊर्जा के उपयोग एवं लाभ एवं मुरैना में संम्भावनाऐं तलाशने हेतु एक दिवसीय कार्यशाला व फील्ड बिजिट किया गया।






**5–** श्री मनीष लल्लनटॉप न्यूज चैनल फिल्ड बिजिट ग्राम नदुआपुरा और बीहड़ों की समस्याओं को लेकर दिनांक 9.11.2018।



**6–** डा0 एस.के. गुप्ता साहब (एग्री बिजनेस डिविजन नेशनल प्रोडक्टिविटी कॉन्सिल दिल्ली) दिनांक 17.12. 2018 को संस्था द्वारा राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड दिल्ली के सहयोग से 25 स्कूलों में औषधीय उद्यान लगाये गये थे उनकी मॉनीटिरिंग करने हेतु।




**7–** डा0 पी.के.शुक्ला साहब रीजनल डारेक्टर आर.सी.एफ.सी.जबलपुर म0प्र0 और सी.सी.एफ ग्वालियर श्री मोन्टी साहब दिनांक 13.02.2019 को बीहड़ में संस्था द्वारा किया गया गुग्गुल प्लान्टेशन को देखने एंव प्राकृतिक रूप से गुग्गुल पौधों के संरक्षण एवं संबर्धन हेतु बिजिट किया।




**8–** दिनांक 26 नवम्बर 2018 को सी.ई.ई. अहमदाबाद में व 7 से 8 फरवरी 2019 में पर्यावरण एवं वनमंत्रालय दिल्ली में सुजाग्रति समाज सेवी संस्था द्वारा गुग्गुल धूपबत्ति, अगरबत्ति, बीज, गोंद एवं करील की टैंटी अचार के स्टॉल लगाये गये।









**अध्यक्ष**
**सुजाग्रति समाज सेवी**
**संस्था मुरैना म0 प्र0**